# एकल संदेश

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय

जी आई–17, जी. टी. करनाल रोड, इण्डस्ट्रियल एरिया, आजादपुर, दिल्ली–110033
दूरभाष : 011–47523879, 42478184, 9999399063
ई–मेल : media@blspindia.org , वेबसाईट : www.blspindia.org

Registered Under IICA
ISO 9001 : 2008 (QMS)

नवम्बर – जनवरी–2020

आठवां संस्करण













## एक लाख विद्यालय पूर्ण

**एकल अभियान के एक लाख विद्यालय पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुजरात के सोनगढ़ में भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया।**

एकल अभियान ने ग्रामीण एवं वनवासी उत्थान योजनाओं के माध्यम से 30 वर्षों के अविरल एवं अथक प्रयासों से 1 लाख एकल विद्यालयों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। एकल अभियान की स्थापना शिक्षित, स्वास्थ्य, समर्थ भारत की परिकल्पना के साथ की गई एक ऐसी परिकल्पना, जिसमें समाहित है सत्य निष्ठा, दृढ़ निश्चय, समर्पण एवम् वचनबद्धता।

गुजरात संभाग के कसुदी गांव में **''एक लाखवें एकल विद्यालय''** की स्थापना के अवसर पर गुजरात के सोनगढ़ में 6 दिसंबर 2019 को विशाल एकल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एकल विद्यालय के इस अभूतपूर्व सफलता के लिए शुभकामनायें दीं।

वर्तमान समय में सम्पूर्ण भारत वर्ष में 1,01,417 एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं जिसमें 27,52,050 बच्चे शिक्षा से लाभाविन्त हो रहे है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुजरात के मुख्यमंत्री माननीय श्री विजय रुपानी जी, एकल अभियान के प्रणेता माननीय श्याम जी गुप्त, एकल अभियान ट्रस्ट के चेयरमैन श्री प्रदीप गोयल जी, केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग बागड़ा जी, भारत लोक शिक्षा परिषद्, ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी, श्री सुरेन्द्र जिंदल जी, श्री नरेश कुमार जी, श्री नरेश जैन जी, श्री गोविंद मुंद्रा जी एवं पश्चिमी दिल्ली चैप्टर के प्रेसिडेंट श्री राजेश गुप्ता जी सहित एकल अभियान से जुड़े हुए कई अन्य गणमान्य महानुभावों ने इस गौरवशाली ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लिया।

# सी.एस.आर. के अंतर्गत एकल विद्यालय को सहयोग करने वाले प्रतिष्ठित संस्थान

## डॉ लाल पैथलैब फाउंडेशन ने सी.एस.आर. के अंतर्गत एकल विद्यालय के लिए किया सहयोग।

भारत लोक शिक्षा परिषद् सामाजिक संगठन के रूप में करोड़ों गरीब ग्रामवासियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु समर्पित है। इसी क्रम में डॉ लाल पैथलैब फांउडेशन के द्वारा 112 एकल विद्यालयों का सहयोग एकल अभियान को प्राप्त हुआ।



इसके लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् और डॉ लाल पैथलैब फांउडेशन के मध्य 18 नवम्बर 2019 को एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया जिसमें भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी और डॉ लाल पैथलैब के सीएसआर एसोसिएट श्री अलोक सिंह जी उपस्थित रहे। डॉ लाल पैथलैब की तरफ से समाज के शैक्षणिक उत्थान के लिए किया गया अति सराहनीय कार्य से समाज को प्रेरणा मिलेगी।

## शार्प बिजनस सिस्टम प्रा.लि. ने सी.एस.आर. के अंतर्गत 60 एकल विद्यालयों का सहयोग किया।



एकल अभियान को गति देने के लिए निरंतर सेवा भाव से समर्पित भारत लोक शिक्षा परिषद् के ट्रस्टी श्री सुरेन्द्र जिंदल जी एवं डॉ वीरेन्द्र कुमार जी के नेतृत्व में 29 नवम्बर 2019 को शार्प बिजनस सिस्टम प्रा.लि. नौएडा में एक मीटिंग की गयी जिसमें शार्प बिजनस सिस्टम प्रा.लि. के प्रतिनिधि सहित कई अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। शार्प बिजनस सिस्टम प्रा.लि. द्वारा सी.एस.आर. के अंतर्गत सहयोग से एकल विद्यालय में पढ़ने वाले असहाय एवं गरीब बच्चों के जीवने में बदलाव आ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समृद्ध भारत के निर्माण में शार्प बिजनेस सिस्टम प्रा.लि. द्वारा अब तक 60 एकल विद्यालयों का अनुदान प्राप्त हुआ है। अतः हम आशा करते हैं कि आप एकल अभियान को भविष्य में ऐसे ही विद्यालयों का सहयोग प्रदान करते रहेंगे। एकल विद्यालय में सहयोग करने के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

## श्री ऋषभ लोहिया जी (लोहिया कॉर्प लिमिटेड) ने 100 विद्यालयों का योगदान दिया


एकल अभियान को मजबूत करने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् के कानपुर चैप्टर के महामंत्री श्री ध्रुव रुईया जी के प्रयास से श्री ऋषभ लोहिया जी (लोहिया कॉर्प लिमिटेड) ने सी.एस.आर. के अर्न्तगत 100 एकल विद्यालयों का सहयोग कर शतकवीर बनना स्वीकार किया है।

एकल विद्यालय के पुनीत कार्य से सशक्त और स्वावलंबी समाज का निर्माण हो रहा है, और अधिक से अधिक लोग एकल विद्यालय से जुड़कर इस अभियान को मजबूत कर रहे हैं।

## हमारे एकल दानदाता (सी.एस.आर.)

1. M/s Indian Railway Finance Corporation Limited
2. Satluj Jal Vidhut Nigam Limited
3. M/s Wapcos Limited
4. M/s Ircon International Ltd.

## हमारे एकल शतकवीर



Shri Dewan Chand Bansal
(Narbada Steels Ltd.)



Shri Nand Kishore Aggarwal
(Crystal Crop Production Pvt. Ltd.)



Smt. Sneh Bansal
(Stock Home India Ltd.)



Dr. Mukesh Goel
(Sewa International)



Shri Rama Shanker Khemka
(Khemka Group of Companies)



Shri Vijay Aggarwal
(Sarv Bio Labs Pvt. Ltd.)



Shri Rakesh Aggarwal




Shri Sanjay Runta
(Bonsai Pharma)



Ajit Gupta
(AIPL Zorro Pvt. Ltd.)

## हमारे एकल महाशतकवीर



Shri Naresh Kumar
(Dynamic Drilling & Services Pvt Ltd.)



Shri Surender Pal Gupta
(Laxcon Steel Ltd.)



Shri Vivek Nagpal
(Rosmerta Technologies Ltd.)



Shri Chandra Prakash Aggarwal
(Creamy Foods Ltd.)

# एकल अभियान को गति देने के लिए भारत लोक शिक्षा परिषद् के पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

भारत लोक शिक्षा परिषद् के पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा 22 दिसंबर 2019 को जेपी होटल, पड़पड़गंज दिल्ली में एकल विद्यालय के निमित्त एक बैठक की गई, जिसका उददेश्य एकल अभियान के पुनीत कार्य से लोगों को परिचित कराना एवं अधिक से अधिक लोगों को इस शैक्षणिक अभियान से जोड़कर एकल विद्यालय के विकास को बल प्रदान करना है।

इस बैठक में बी.एल.एस.पी. के चेरमैन श्री जी.डी. गोयल जी, पूर्वी दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन श्री पी.के जैन जी, राज चावला जी, श्री संजय जैन, सहित पूर्वी दिल्ली चैप्टर के कई गणमान्य महानुभाव एवं समाज के प्रतिष्ठित विभूतियों ने अपनी गरिमामयीं उपस्थित दर्ज कराई। जिसमें सी.ए., ब्यूरोक्रेसी, डॉक्टर, व्यापार, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी ने एकल को समझा और अभियान से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की।





# हमारे प्रतिष्ठित एकल दानदाता


श्री सुभाष अग्रवाल


श्री मूलचंद अग्रवाल


श्री चन्द्रा प्रकाश अग्रवाल

भारत लोक शिक्षा परिषद् एकल अभियान के माध्यम से ग्रामीण एवं वनवासी बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित भाव से सेवारत है।

ग्रामीण बच्चों की शिक्षा एवं गाँवों के सशक्तिकरण तभी संभव है जब समाज के प्रतिष्ठित उद्योगपति समाजसेवी शिक्षा प्रेमी इस ईश्वरीय पुनीत कार्य में सहयोग करें। ऐसे ही उद्योगपति समाजसेवी श्री मूलचंद अग्रवाल, श्री सुभाष अग्रवाल, श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल जी है जिन्होंने सामाजिक निर्माण के लिए दूसरी बार महाशतकवीर बनकर एकल अभियान को मजबूत किया है।

इन विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा के साथ–साथ आरोग्य, विकास स्वाभिमान जागरण तथा संस्कार के माध्यम से गाँव का सर्वांगीण विकास का कार्य चल रहा है। आपके सहयोग से संचालित इन विद्यालयों में समाज के कमज़ोर वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। जिनमें 25–30 बच्चे नियमितरूप से शिक्षा ग्रहण करते हैं। महानुभाव आपके इस अप्रतिम सहयोग से शिक्षित होकर बच्चे राष्ट्र और समाज के लिए जागरूक नागरिक बनकर उभर रहें हैं। बालकों के जीवन में पहले कि अपेक्षा काफी सुधार आया है एवं इन बच्चों के माता पिता भी अपने बच्चों को पढ़ाने में रूचि ले रहे हैं और दानदाताओं के प्रति कृतज्ञता का भाव रखतें हैं।

# शिक्षित, स्वास्थ और समर्थ भारत के निर्माण के लिए समर्पित एकल अभियान



भारत लोक शिक्षा परिषद् का उद्देश्य शाश्वत भारतीय सांस्कृतिक, वनवासी एवं ग्रामीण भारत की अंनत संभावनाओं को अवसर प्रदान करना और उसे शिक्षा के माध्यम से परम वैभव की ओर ले जाना है। इसी क्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् के उत्तराखण्ड संभाग के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को स्कूटी एवं बाईक प्रदान की गयी ताकि एकल अभियान के कार्यों को गति दी जा सके। भारत के लोक शिक्षा परिषद् लगातार एकल विद्यालय के विकासात्मक कार्यों के लिए समर्पित भाव से सेवारत है। उत्तराखण्ड संभाग के चम्पावत एवं बागेश्वर अंचल में स्कूटी एवं कुमांयू भाग में कार्यकर्ताओं की सुगमता के लिए बाईक प्रदान की गई।

# मकर संक्राति के अवसर पर महिला समिति का महायोगदान



महिलाएं सामाजिक निर्माण की सबसे प्रमुख कड़ी मानी जाती हैं। समाज के विकास का वास्तविक स्वरूप तब तक परिलक्षित नही हो सकता जब तक नारी शक्ति का पूर्ण योगदान न हो। मकर संक्रान्ति के अवसर पर प्रति वर्ष भारत लोक शिक्षा परिषद् की महिला समिति के द्वारा पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं, आचार्यों के सहायतार्थ धन संग्रह किया जाता है। इसके अतिरिक्त 200 से अधिक विद्यालयों का संचालन किया जाता है एवं एकल विद्यालय में समर्पित भाव से सेवारत आचार्यों, सेवाव्रतियों को शैक्षणिक एवं जीवन उपयोगी वस्तुएं भी समय समय पर महिला समिति की तरफ से उपहार स्वरूप भेजे जाते हैं। आप सभी से करबद्ध निवेदन है कि आप भी इस पुनीत कार्य में जुड़कर एकल विद्यालय के माध्यम से राष्ट्र निर्माण मे अपना योगदान दें।

# एकल विद्यालय के बच्चों ने स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा






भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित एकल विद्यालय शिक्षा के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता भी फैलाने का कार्य कर रहा है। उत्तरी हिमाचल संभाग में पालमपुर भाग के पालमपुर, जोगिंदर नगर, जयसिंहपुर, देहरा एवं कांगड़ा अंचल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर एकल विद्यालय के बच्चे एवं कार्यकर्ताओं ने शोभा यात्रा निकली और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के उच्च आदर्शों के बारे में भी लोगों को बताया। शिक्षा के प्रति स्वामी विवेकानंद जी के विचारों ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को एक नई दिशा दी है। स्वामी जी के विचारों से समाज के प्रति कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और समाज निर्माण को बल मिलता है। इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बच्चों ने बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शामिल हुए गणमान्य महानुभावों ने स्वामी विवेकानंद जी के उच्च आदर्शों पर प्रकाश डाला और लोगों को प्रेरित भी किया।

# वनयात्रा से करने के बाद एकल विद्यालय की व्यापकता को जानने का अवसर मिला





पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा उत्तराखण्ड के कुमांयू भाग के खटीमा अंचल की 12 दिसंबर 2019 को वनयात्रा की गई। ग्रामीण समाज के लोगो ने सभी वनयात्रियों का बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। वनयात्रियों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेलाघाट और खटीमा के एकल विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की और बच्चों से उनके पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने सभी वनयात्रियों को प्रातः स्मरण और सरस्वती वंदना भी गाकर सुनाया, कुछ बच्चों ने लोक गीत गाकर सबका मन मोह लिया। सभी वन यात्रियों ने भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित एकल विद्यालय का बड़ी गहनता के साथ अवलोकन किया और समिति से बातचीत भी किया। इस वनयात्रा में पूर्वी दिल्ली चैप्टर, उपाध्यक्ष के.के. गर्ग, महामंत्री श्री अतुल जैन जी एवं अन्य गण्यमान्य वनयात्री शामिल हुए।

# आगामी कार्यक्रम

## राष्ट्र निर्माण का कुंभ, परिवर्तन कुंभ 2020

एकल अभियान पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से अपनी विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ देश के 4 लाख गांवों में रहने वाले 30 करोड़ ग्रामीण एवं वनवासी परिवारों में शिक्षा स्वास्थ्य, संस्कार, जागरण एवं प्रखर राष्ट्रवाद की भावना को विकसित करने के लिए 30 वर्षो से कर्मशील है।

इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए 16–18 फरवरी 2020 को माता रमाबाइ अंबेडकर मैदान, लखनऊ में भव्य परिवर्तन कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। अद्भुत, अद्वितीय, विहंगम एकल परिवर्तन कुंभ द्वारा हजारों साल पुरानी भारतीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गौरवगाथा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि भारत पुनः विश्वगुरू बनकर दुनिया का नेतृत्व कर सके। शिक्षा, संस्कार समर्पण के इस पावन पर्व को भव्य बनाने के लिए एकल परिवार संकल्पित भाव से सेवारत है।



US GALA DINNER FILE PHOTO

## गाला डिनर

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा एकल अभियान को मजबूत करने एवं अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में जोड़ने के लिए गाला डिनर का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। जिसमें देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति, ब्यूरोक्रेट्स, समाजसेवी शामिल होंगे।







## भव्य एकल श्री राम कथा का आयोजन

एकल अभियान के प्रणेता माननीय श्री श्याम जी गुप्त जी के मार्गदर्शन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मभूमि धर्मनगरी अयोध्या में 15–17 मार्च 2020 को एकल श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

## भारत लोक शिक्षा परिषद् के उत्तरी दिल्ली चैप्टर के द्वारा परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा

भारत लोक शिक्षा परिषद् के द्वारा एकल विद्यालय के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए पूज्य गुरू श्री गोविन्द देव गिरी जी महाराज के मुखारबिंद से एकल श्री राम कथा आयोजन परमार्थ परमाध्यक्ष परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के सानिध्य में 11 से 17 अप्रैल 2020 परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में किया जा रहा है।

शिक्षा, धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र जागरण के इस महाकुम्भ में आप सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित शामिल होकर प्रभु के अमृत वचनों से स्वयं को अभिसिंचित करें।

# हमारे एकल दानदाता 10–25 विद्यालय

1. Shri. Abhishta Goel & Smt. Swati Goel, Chandi Chowk 2. Shri. Adya Aggarwal, California , USA 3. Shri. Ajay Kapur, West Punjabi Bagh 4. Shri. Ajay Kumar Paliwal, Bulandshahar 5. Shri. Anil Kumar Bhaiya, M/s Silver Collections Pvt. Ltd. 6. Shri. Arun Jindal, M/s Jindal Metal Industries 7. Shri. Arvind Kumar Gupta, Model Town-3 8. Shri. Ashmita Agarwal California , USA 9. Shri. Ashok Garg, M/s MG Polyplast Industries Pvt Ltd 10. Shri. Asho k Goyal, Pitampura 11. Shri. Ashok Gupta, Ram Gopal Charitable Trust, 12. Shri. Astha Aggarwal, California , USA 13. Shri. Bhuwan Rustagi, Omwati Rameshwar Dayal Rustagi Foundation, 14. Shri. Bimal Prasad Jain, Bimal Saroj Charitable Society, 15. Shri. Brijender Swaroop, Lucknow 16. Shri. Chander Bajaj Sivasriaump, Bangkok 17. Shri. Dinesh Kumar Jain, Dwarka 18. M/s D.K.Tyagi Contractor 19. Smt. Gayatri Garg, Ashok Vihar, Phase-2 20. Smt. Geeta Gupta,Dwarka 21. Shri. Gopal Krishan Shah, M/s R.G.Packagings 22. Shri. Govind Ram Choudhary, M/s Anmol Industries Ltd, 23. Comrade Ram Chander Memorial Foundation, 24. Dr. Hem Chandra Gupta,Ashok Vihar-1 25. Shri. Jawahar Lal Aggarwal, Shalimar Bagh 26. Shri. Kanta Kogar, C/o Mr. Chander Bajaj, Bangkok 27. Shri. Kanti Lal, C/o M/s Hansa Sanitary & Hardware Store, 28. Shri. Kishan Gopal Rastogi, Pitampura 29. Shri. Kishan Narsaria,Shalimar Bagh 30. Smt. Kusum Gupta , Punjabi Bagh West 31. Shri. Lavkesh Gupta, M/s BPG Aquatech Engg. Pvt. Ltd. 32. Smt. Madhu Agrawal, Bangalore 33. Shri. Mange Ram Aggarwal, M/s Aggarwal Tube Company 34. Shri. Manish Goyal, M/s Shivajee Udyog 35. Smt. Manju Aggarwal ,West Punjabi Bagh 36. Smt. Manju Sehgal, Bangkok 37. M/s Model Town Dharmik Leela Committee, Ramleela Park, 38. Shri. Narender Girdhar, Gurgoan 39. Shri. Navneet Mehta,M/s Lakshmi Refineries, 40. Shri. Nitin Goel, M/s Noduco, 41. Shri. Neetika Khanna, Subhash Nagar 42. Shri. Parmod Aggarwal, M/s Amar Nath Mayawati Trust, 43. Shri. Pranav Mehta, M/s Jammu Autowheels Private Limted, 44. Smt. Pallavi Goyal, Pitampura 45. Shri. Pravesh Lata Aggarwal, Punjabi Bagh West 46. Shri. R.K.Arora , Noida 47. Shri. Rajat Malhotra, B-95, Crystal Crop Protection, 48. Shri. Rajeev Mittal Ji,Hydrabad, 49. Shri. Rakesh Kumar, M/s High Yield Investor Checking, 50. Shri. Ram Lila Committee Model Town 51. Shri. Rameshwar Dayal Rustagi, Omwati Rameshwar Dayal Rustagi Foundation 52. Shri. Ran Singh Jakhar, M/s Isotech India Pvt. 53. Shri. Ratnakar Aashish Shah, M/s Yash Exports 54. Shri. Roshan Lal Aggarwal, M/s Lilawati Lachmandas Agarwal Jaijiwan Mahadev Mandir Trust, 55. Dr. Rashmi Sharma, Vasant Kunj 56. Shri. Sangeet Kumar Jain, M/s Samman Lal Sher Singh Papers Pvt. Ltd. 57. Shri. Saroj Bajaj , Mumbai 58. Shri. Satish Gupta, M/s Lancer Footwear India Pvt. Ltd. 59. Smt. Shakuntala Kedia, Bangkok, 60. Smt. Sangita Aggarwal, Punjabi Bagh West 61. Smt. Sonam Rishi, C/o Smt. Kusum Gupta 62. Smt. Suman Kasera, 63. Smt. Sunita Rustogi, Omwati Rameshwar Dayal Rustagi Foundation, 64. Shri. Shankar Lal Aggarwal, M/s Steel & Metal Tubes India Pvt. Ltd. 65. Shri. Subash Chander Sharma, M/s Laxmi Palace, 66. Shri. Sunil Kumar Contractor 67. Shri. Surendra Kumar Duggal, Gujrawala Town, Part-2 68. Shri. Suresh Kumar Gupta, Model Town 69. Ku. Tanvi Rustagi, Omwati Rameshwar Dayal Rustagi Foundation, 70. M/s Tourism Finance Corporation of India Ltd.(TFCI), 71. M/s Truly Yours Solutions LLP,Rohini 72. Shri. Umesh Kalra, M/s The Star Prints Pvt. Ltd., 73. Shri. Usha Mutreja, Bangkok 74. Shri. V.K. Nayar, Shri Ganga Foundation. 75. Shri. Vaibhav Aggarwal, Ashok Vihar-1 76. Shri. Ved Prakash Wadhwa, Chaudhri Ram Chuni Lal & Co. 77. Shri. Vijay Aggarwal, M/s Shree Guru Kripa Cement Pvt. Ltd. 78. Shri. Vijay Kumar Gupta, tate Bank Colony 79. Shri. Vijesh Gupta, M/s Vanesa Cosmetics Pvt. Ltd. 80. Shri. Vikash Goyal, M/s Kesho Packaging Pvt. Ltd. 81. Shri. Vinod Rustagi, Omwati Rameshwar Dayal Rustagi Foundation 82. Shri. Yog Dhyan Ahuja Ji, Preet Vihar

# डॉ वीरेन्द्र कुमार ने 20 परिवारों के साथ की एकल गुजरात की यात्रा।

ज्योति से ज्योति जलाते चलो ज्ञान की गंगा बहाते चलो। हर बच्चा हो शिक्षित हर घर रोशन, एकल अभियान सम्पूर्ण भारतवर्ष में ज्ञान के प्रकाश से अशिक्षा के अन्धकार को दूर करने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

एकल अभियान के अन्तर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् के सह महामंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार जी के नेतृत्व में दिल्ली के 20 परिवारों के साथ गुजरात राज्य को यात्रा की गई। जहाँ पर उन्होंने प्रसिद्ध सोमनाथ मन्दिर, स्टैचू ऑफ यूनिटी, गिर नेशनल पार्क, द्वारका सहित गुजरात के केई पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया और एकल विद्यालय के बारे में लोगों को जागरूक भी किया। यात्रा कर रहे परिवारों ने यात्रा के दौरान ही एकल विद्यालय के बारे में लोगों को जागरूक भी किया। यात्रा कर रहे परिवारों ने यात्रा के दौरान ही एकल विद्यालय को जाना और इतने प्रभावित हुए कि उनमें अधिकांश लोगों ने एकल विद्यालय से जुड़ने की इच्छा भी व्यक्ति की।



## एकल भारत की तस्वीर प्रत्येक माह में एकत्रित डिजीटल डाटा

| SN | Heads | Target | | Actual | | | | Balance to Achieve | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Figure | % | Nepal | India | Total | % | Figure | % |
| | Ekal Siksha | | | | | | | | |
| 1 | (I) Anchal (Project Area) | 362 | 100 | 12 | 346 | 358 | 99 | 16 | 4 |
| 2 | Sanch (Cluster) | 3531 | 100 | 160 | 3361 | 3521 | 100 | 169 | 5 |
| 3 | (II) School Total | 103521 | 100 | 1900 | 100152 | 102052 | 99 | 3369 | 3 |
| | Reported School | 100152 | 100 | 0 | 96718 | 96718 | 97 | 3434 | 3 |
| | School - A Grade | * | * | 0 | 74630 | 74630 | 77 | * | * |
| | School- B Grade | * | * | 0 | 20379 | 20379 | 21 | * | * |
| | School - C Grade | * | * | 0 | 809 | 809 | 1 | * | * |
| | School - D Grade | * | * | 0 | 900 | 900 | 1 | * | * |
| 4 | Student | 3061560 | 100 | 47938 | 2728344 | 2776282 | 91 | 333216 | 11 |
| | Student - A Grade | * | * | 0 | 1662043 | 1662043 | 60 | * | * |
| | Student - B Grade | * | * | 0 | 666236 | 666236 | 24 | * | * |
| | Student - C Grade | * | * | 0 | 192284 | 192284 | 7 | * | * |
| | Student - Absent | * | * | 0 | 207723 | 207723 | 7 | * | * |

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| वार्षिक सहयोग | | | |
|---|---|---|---|
| 1 विद्यालय के लिए | ₹ 22,000/– | 30 विद्यालय के लिए | ₹ 6.60 लाख |
| 5 विद्यालयों के लिए | ₹ 1,10,000/– | 50 विद्यालयों के लिए | ₹ 11 लाख |
| 10 विद्यालयों के लिए | ₹ 2,20,000/– | 100 विद्यालयों के लिए | ₹ 22 लाख |

एकल अभियान से जुड़ने के लिए हमारी **वेबसाइट www.blspindia.org** मोबाइल नंबर–9999399063 पर सम्पर्क करें एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु भारत लोक शिक्षा परिषद् A/C No: 467902050000186, IFSC Code : UBIN 0546798 Union Bank of India,

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते है, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

इस सहयोग राशि से आपके नाम से विद्यालयों का संचालन किया जाता है एवम् इन विद्यालयों की फोटोग्राफ भी समय–समय पर आपको WhatApp के माध्यम से संप्रेषित किए जाते है साथ ही आप इन विद्यालयों की वनयात्रा भी कर सकते है जिससे आपको बहुत ही सुखद अनुभव की प्राप्ति होगी।

मुख्य सम्पादक : डा. वीरेन्द्र कुमार (सह महामंत्री, भारत लोक शिक्षा परिषद्)

प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
जी आई–17, जी.टी. करनाल रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, आजादपुर, दिल्ली–110033
दूरभाष : 011–47523879, 42478184, 9999399063
Email : info@blspindia.org, administration@blspindia.org
Website : www.blspindia.org